आईजीआरएस निस्तारण में लापरवाही पर भड़के डीएम, दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

देवरिया। समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के तहत आने वाली शिकायतों के निस्तारण में खानापूर्ति करने वाले अधिकारियों पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सख्त रुख अपनाया है। निस्तारित प्रकरणों के फीडबैक की गहन समीक्षा के दौरान शिकायतों का वास्तविक और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मानकों के अनुरूप न मिलने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने दो टूक चेतावनी दी कि यदि लापरवाही के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित हुई, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि मौके पर जाकर वास्तविक समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकरण के निस्तारण में मौके का %स्पॉट मेमो% (स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट) लगाना अति आवश्यक है।आवेदक से बात किए बिना नहीं चलेगा काम डीएम ने निर्देशित किया कि निस्तारण की प्रक्रिया के दौरान अधिकारी अनिवार्य रूप से आवेदक से संपर्क कर वार्ता करें। बातचीत के बाद आवेदक निस्तारण से संतुष्ट है या असंतुष्ट, इसका स्पष्ट उल्लेख आख्या में करते हुए रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को प्राप्त होने वाले शत-प्रतिशत प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा और प्राविधानों के अनुरूप निस्तारण सुनिश्चित करने की हिदायत दी है।

♦ निस्तारित प्रकरणों के फीडबैक की गहन समीक्षा में सामने आई खामियां♦मौके पर जाकर 'स्पॉट मेमो' लगाना और आवेदक से वार्ता करना अनिवार्य♦आवेदक संतुष्ट है या असंतुष्ट, आख्या के साथ पोर्टल पर अपलोड करनी होगी रिपोर्ट

नाबालिग को भगाकर दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

देवरिया। गौरीबाजार थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने वांछित युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गौरीबाजार थाना क्षेत्र निवासी 21 वर्षीय निखिल गौतम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। शुक्रवार को गौरीबाजार पुलिस ने आरोपी को सिरजम चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय, उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह और कांस्टेबल ऋषिकेश ओझा शामिल रहे।

छठ महापर्व को लेकर डीएम-एसपी ने शिवाघाट का किया निरीक्षण

सेवरही,कुशीनगर।छठ महापर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने सेवरही स्थित शिवाघाट का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सेवरही के शिवाघाट पर छठ्ठ महापर्व की तैयारियों को लेकर निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनिया त्रिभुवन जायसवाल एवं चेयरमैन प्रतिनिधि त्रिभुवन जायसवाल ने अधिकारियों को घाट की साफ-सफाई,प्रकाश व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कराई जा रही तैयारियों की जानकारी दी।डीएम कुशीनगर संजय चौहान ने घाट पर स्वच्छता,पर्याप्त रोशनी एवं आवागमन की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।वहीं एसपी ने पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था,भीड़ नियंत्रण एवं पुलिस बल की तैनाती को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।अधिकारियों ने सभी तैयारियां समय से पूरी करने पर जोर दिया,ताकि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम तमकुहीराज,ईओ सेवरही उत्तम वर्मा,थानाध्यक्ष सेवरही मनोज वर्मा,कस्बा चौकी प्रभारी अनिल कुमार शर्मा मयफोर्स सहित सभासद अजय गुप्ता,दिनेश वर्मा,बैजनाथ वर्मा,जयंत गुप्ता,विजय ब्याहुत आदि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



♦ नगर पंचायत अध्यक्ष सोनिया त्रिभुवन जायसवाल व चेयरमैन प्रतिनिधि त्रिभुवन जायसवाल ने तैयारियों से कराया अवगत

शिलान्यास के बाद जनप्रतिनिधि भूल गए सलेमपुर-प्यासी मार्ग

सलेमपुर (देवरिया)। यहां से प्यासी जाने वाला मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली को लेकर चर्चा में है। कुछ माह पूर्व मोहर भाई चौक पर भाजपा विधायक एवं प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम तथा पूर्व सांसद रविंदर कुशवाहा ने विधिवत



शिलान्यास कर सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात कही थी। इसके बावजूद सड़क निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शिलान्यास के बाद सड़क पर कंकड़-पत्थर डालकर निर्माण कार्य शुरू तो किया गया, लेकिन काम की गति बेहद धीमी रही। वर्तमान स्थिति यह है कि सड़क पर जगह-जगह ईंट-पत्थर और गिट्टियां फैली हुई हैं। इससे राहगीरों को धूल-धक्कड़ और उबड़-खाबड़ रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों, दोपहिया वाहन चालकों, साइकिल सवारों और अन्य राहगीरों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क पर बिखरे पत्थरों के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं वाहनों के गुजरने से उड़ने वाली धूल लोगों के लिए अतिरिक्त परेशानी का कारण बन रही है। इसके घोषणा और शिलान्यास के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि जल्द ही आवागमन सुगम हो जाएगा लेकिन यह दिवा स्वप्न होकर रह गया। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसके निर्माण कार्य जल्द से जल्द कराने की मांग की है।

गोरखपुर में होगा देवरिया के युवाओं को टैबलेट वितरण

देवरिया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत देवरिया के युवाओं को टैबलेट वितरण करने का कार्यक्रम गोरखपुर में प्रस्तावित है। इसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें शासकीय और अर्द्धशासकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य शामिल हुए। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और प्रधानाचार्यों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टैबलेट वितरण से जुड़ी सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। पात्र विद्यार्थियों का विवरण, आवश्यक अभिलेख और अन्य औपचारिकताएं निर्धारित समयसीमा में पूरी होनी चाहिए, ताकि वितरण के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने संबंधित संस्थानों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों को कार्यक्रम की जानकारी समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना युवाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और उनकी तकनीकी दक्षता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। टैबलेट मिलने से विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन शैक्षणिक संसाधनों और डिजिटल सुविधाओं का लाभ मिलेगा। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी और विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।



♦ तैयारियों को लेकर डीएम ने प्रधानाचार्यों के साथ की बैठक, समय से पूरी होंगी औपचारिकताएं

साइबर ठगी के शिकार युवक के खाते में वापस कराए 15 हजार रुपये

देवरिया। साइबर ठगी के शिकार युवक को खामपार पुलिस की साइबर सेल ने राहत दिलाई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक के ठगी के जरिए निकाले गए 15 हजार रुपये वापस करा दिए। रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस टीम का आभार जताया।खामपार थाना क्षेत्र निवासी उज्ज्वल गौड़ साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। उन्होंने 30 अगस्त 2026 को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद खामपार थाने की साइबर सेल ने संबंधित बैंक और वित्तीय संस्थानों से संपर्क कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस के प्रयास से एमआरएम पोर्टल के माध्यम से पूरी 15 हजार रुपये की धनराशि वापस करा दी गई। एसपी अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। इसमें थानाध्यक्ष बलराम सिंह, साइबर प्रभारी प्रियांशु कुमार दूबे, कांस्टेबल दीपक कुमार और महिला कांस्टेबल मंगेशलता शामिल रहीं।

पुराने कर बकायों पर व्यापारियों को मिलेगी सौ फीसदी तक ब्याज माफी-डीएम

देवरिया। पुराने कर बकायों में फंसे व्यापारियों और उद्यमियों को राहत देने के लिए प्रदेश सरकार ने राज्य कर ब्याज माफी योजना-2026 लागू की है। इसके तहत मूल बकाया राशि के आधार पर 50 से 100 प्रतिशत तक ब्याज माफ किया जाएगा। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जिले के व्यापारियों से योजना का लाभ उठाकर पुराने कर बकायों का निस्तारण कराने की अपील की है। योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के मूल बकाये पर पूरा ब्याज माफ होगा। 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक के बकाये पर 90 प्रतिशत, एक से पांच करोड़ रुपये तक पर 75 प्रतिशत और पांच करोड़ रुपये से अधिक के बकाये पर 50 प्रतिशत ब्याज में छूट मिलेगी। शेष ब्याज की निर्धारित धनराशि जमा करनी होगी। इस योजना में बिक्री कर, केंद्रीय बिक्री कर, व्यापार कर, वैट और प्रवेश कर समेत शासनादेश में शामिल अन्य पात्र पुरानी देयताएं शामिल हैं। हालांकि, जीएसटी से संबंधित बकाया इसके दायरे में नहीं आएगा। पात्र मामलों में बकाया कर जमा नहीं करने पर लगाए गए अर्थदंड में भी छूट का प्रावधान है। योजना का लाभ लेने के लिए व्यापारियों को कर निर्धारण आदेश और बकाया अभिलेखों का मिलान कर निर्धारित धनराशि जमा करनी होगी। इसके बाद राज्य कर विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। शासनादेश 16 अक्टूबर 2026 से तीन महीने के लिए प्रभावी है। डीएम ने अधिकारियों को योजना का प्रचार-प्रसार कराने और पात्र व्यापारियों को आवेदन में सहयोग देने के निर्देश दिए हैं।

नाबालिग से दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

देवरिया। सदर कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को औरा चौरी के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, एक युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग बहन अपनी मां के साथ सिंधी मिल कॉलोनी में किराये के मकान में रहती है। आरोपी विशाल चौरसिया पुत्र रामनक्षत्र चौरसिया (निवासी सिंधी मिल कॉलोनी, कोतवाली) ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की और उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर मामले में दुष्कर्म (बीएनएस की धारा 64(2द)) और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं (5एल/6) की बढ़ोत्तरी की गई। वांछित चल रहे आरोपी की तलाश में जुटी कोतवाली पुलिस टीम ने गुरुवार को औरा चौरी के पास घेराबंदी कर विशाल चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय, उपनिरीक्षक कुंदन कुमार पटेल, कांस्टेबल केशनाथ यादव और महिला कांस्टेबल शीला सिंह शामिल रहे।



छठ महापर्व भगवान सूर्य और छठी मईया की उपासना का पर्व-सूर्य प्रताप शाही

पथरदेवा(देवरिया)।प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि छठ पर्व का त्यौहार के अवसर पर नगर पंचायत ग्राम पंचायत के अध्यक्ष एवं प्रशासक छठ घाट को स्वच्छ कराते हुए छठ पूजन के अवसर पर छठ घाट पर त्यौहार को सह कुशल मनाने के लिए अपनी जिम्मेदारी को निभाये।प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही नगर पंचायत पथरदेवा बाजार में भेट के दौरान उपरोक्त बाते कही। उन्होंने कहा कि छठ का त्यौहार काफी महत्वपूर्ण है। श्री शाही ने कहा कि छठ महापर्व मुख्यरूप से भगवान सूर्य और छठी मईया की उपासना का पावन पर्व है। इस अवसर पर सूर्य देव की कृपा और आभार पृथ्वी पर जीवन के आधार सूर्य देव है उनकी ऊर्जा से ही जीवन सम्भव है इस लिए प्रकृति और सूर्य के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि संतान की लम्बी उम्र और सुख-समृद्धि का मान्यता है कि छठ व्रत और छठी मईया के पूजा से संतान को उत्तम स्वास्थ्य,दीर्घायु और परिवार में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। डूबते और उगते सूर्य की उपासना करने से दुनिया का एक मात्र ऐसा त्यौहार है जिसमें डूबते हुए सूर्य संध्या अर्घ्य और उगते सूर्य उषा अर्घ्य दोनों को नमन किया जाता है जो जीवन के चक्र,उत्पत्ति और अन्त के प्रति कृतज्ञता दर्शाता है।



चोरी किए गए ई-रिक्शा के चार्जर के साथ युवक गिरफ्तार

देवरिया। सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को सिंधी मिल कॉलोनी के पास से चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गया ई-रिक्शा का चार्जर भी बरामद कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के सिंधी मिल कॉलोनी (वार्ड नंबर-9) निवासी मुन्ना वर्मा पुत्र सीताराम वर्मा ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर देकर अपने ई-रिक्शा का चार्जर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सिंधी मिल कॉलोनी के पास घेराबंदी कर जमुना सदर (सिंधी मिल कॉलोनी) निवासी 20 वर्षीय करन पटेल पुत्र रामचंद्र पटेल को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी का ई-रिक्शा चार्जर बरामद हुआ। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय, उपनिरीक्षक संजय कुमार पाल, महिला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक आकांक्षा और कांस्टेबल चांद साहब शामिल रहे।



चेयरमैन क्रान्ति सिंह के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री राहत कोष से साढ़े पांच लाख आर्थिक सहयोग स्वीकृत

पथरदेवा(देवरिया)। नगर पंचायत पथरदेवा के अध्यक्ष कमलेश उर्फक्रान्ति सिंह के प्रस्ताव पर प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मुख्यमंत्री राहत कोष से गम्भीर बीमारी से पीड़ित तीन परिवार व्यक्ति को उपचार हेतु राहत आर्थिक सहायता स्वीकृत हुई है। क्रान्ति सिंह के इस प्रयास से और प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के द्वारा इस तरह के नेक कार्य करने से क्षेत्रीय जनता में हर्ष व्याप्त है।नगर पंचायत अध्यक्ष पथरदेवा कमलेश उर्फ क्रान्ति सिंह के अनुसार नगर पंचायत पथरदेवा के अन्तर्गत पथरदेवा निवासी अमरजीत राजभर डेढ़ लांख,आविद अंसारी महुआरी निवासी को दो लाख,राजेन्द्र प्रसाद फरेन्दहा निवासी को दो लांख उपचार के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष योजना से आर्थिक सहायता स्वीकृत हुआ है जिससे क्षेत्रीय लोगों ने प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं नगर पंचायत पथरदेवा के अध्यक्ष कमलेश उर्फ क्रान्ति सिंह को धन्यवाद दिया है।



ढोल-नगाड़ों के साथ भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री नीतू सिंह का भव्य स्वागत

सोहनपुर ,देवरिया। स्थानीय विकास खंड के रतसिया गांव निवासी एवं बनकटा दक्षिणी क्षेत्र (वार्ड संख्या-44) की जिला पंचायत सदस्य नीतू सिंह को भाजपा महिला मोर्चा देवरिया का जिला मंत्री बनाए जाने के बाद शनिवार को उनके रतसिया कोठी स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया।

इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नीतू सिंह का फूल-मालाओं से जोरदार अभिनंदन किया। फूलवरिया चौराहे पर भाजपा नेता अजय दूबे, अरविंद सहाय, संजय सिंह, जयप्रकाश तिवारी, आनंद सिंह बघेल और प्रतीक सिंह बघेल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद रतसिया कोठी तिराहे पर भी समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। वहीं सोहनपुर में बनकटा मंडल अध्यक्ष सीमा कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नीतू सिंह का अभिनंदन किया।इस अवसर पर नीतू सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगी। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के साथ महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तीकरण के लिए भी पूरी लगन से कार्य करेंगी।



सात साल तक शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप, युवक गिरफ्तार

देवरिया। शादी का झांसा देकर युवती से सात साल तक शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी से इनकार करने के आरोप में गौरीबाजार पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मठिया माफी गांव निवासी 24 वर्षीय उपेंद्र पटेल के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने आरोप लगाया था कि युवक ने शादी का भरोसा देकर करीब सात वर्षों तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी करने से इनकार कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 492/2026 के तहत बीएनएस की धारा 69 और 351(3) में केस दर्ज किया था। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 12 नवंबर को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

मतदाता शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें अधिकारी-डीएम

देवरिया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर-1950 और निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं, शिकायतों के निस्तारण और कार्यालय में संचालित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सेंटर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुड़े कार्यों में पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी बरती जाए। कार्यालय की कार्यप्रणाली प्रभावी बनाए रखने के साथ सभी व्यवस्थाएं अद्यतन रखी जाएं, जिससे मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन प्रेम नारायण सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

♦ डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर-1950 और निर्वाचन कार्यालय का किया निरीक्षण

फार्म-6 में अपना ही मोबाइल नंबर दें, एक से अधिक आवेदन करने से बचें

देवरिया। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फार्म-6 भरते समय आवेदकों को अपना वास्तविक और सक्रिय मोबाइल नंबर दर्ज कराना होगा। जन सुविधा केंद्र संचालक आवेदक की जगह अपना या कोई गलत मोबाइल नंबर दर्ज नहीं कर सकेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में जन सुविधा केंद्र संचालकों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन फार्म-6 जमा करने के बाद मोबाइल पर रेफरेंस नंबर का संदेश नहीं मिलने के कारण कई आवेदक दोबारा आवेदन कर देते हैं। इससे मतदाता सूची में एक से अधिक प्रविष्टियां होने की आशंका रहती है। इस समस्या से बचने के लिए आवेदन करते समय सही मोबाइल नंबर दर्ज करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि फार्म-6 का अंतिम सबमिशन ई-साइन के माध्यम से होता है। इसके लिए आवेदक को आधार नंबर दर्ज करना होता है। आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी आने के बाद ई-साइन की प्रक्रिया पूरी होती है और फार्म का रेफरेंस नंबर जनरेट होता है। आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने पर स्क्रीन पर इसकी पुष्टि भी दिखाई देती है। नेटवर्क की समस्या से मोबाइल पर संदेश नहीं मिलने की स्थिति में जन सुविधा केंद्र संचालक स्क्रीन पर प्रदर्शित रेफरेंस नंबर नोट कर आवेदक को उपलब्ध कराएं। इसी नंबर से आवेदन की स्थिति पता की जा सकती है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आवेदकों को फार्म में पूरा पता, सही पिन कोड, फोटो और आयु प्रमाण-पत्र सहित सभी विवरण सही भरने की सलाह दी है। इससे मतदाता पहचान पत्र सही पते पर पहुंच सकेगा और दस्तावेजों में कमी होने पर आवेदक को सूचना भी मिल सकेगी।

मातृ-शिशु मृत्यु दर घटाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारें - डीएम

देवरिया। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।डीएम ने आरबीएसके टीमों के कार्यों का सत्यापन कराने और उनके भ्रमण का रोस्टर जारी करने को कहा। आभा आईडी बनाने की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए थाना दिवस और तहसील दिवस पर विशेष शिविर लगाने को कहा। निर्माण श्रमिकों के भी आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आइडियल एकेडमी में छात्र-छात्राओं ने मनाया छठ पर्व

भाटपार रानी देवरिया। स्थानीय विकासखंड के बंगरा बाजार में स्थित आइडियल एकेडमी में विद्यालय के छात्र और छात्राओं के द्वारा बहुत ही शानदार रूप से तथा बहुत ही भव्य रूप से छठ मैया का त्यौहार मनाया गया । विद्यालय के डायरेक्टर अरुण कुमार कुशवाहा ने सभी छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया । बताते विद्यालय के डायरेक्टर अरुण कुमार कुशवाहा ने भी स्वयं छठ माता का दौरा अपने सर पर लेकर व कार्यक्रम मे भाग लेकर छठ माता का पूजा अर्चन किया तथा सभी छात्र और छात्राओं तथा अध्यापक और अध्यापिकाओं को यह बताया कि छठ मैया पुत्रदायिनी माता है छठ मैया हमेशा बच्चों की रक्षा करने वाली माता है इसलिए सभी महिलाएं इनके पूजन करने के लिए निर्जला व्रत रहती हैं और सुबह में सूर्योदय के उपरांत भगवान सूर्य को अर्घय देकर अपने व्रत का समापन करती है । बच्चों के इस मनमोहक कार्यक्रम बहुत ही सराहनीह रहा उपस्थित सभी लोगों ने इन बच्चों को आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया ।



देवरिया ने माधोपुर को हराकर जीती कबड्डी ट्रॉफी

खुखुन्दू (देवरिया)। क्षेत्र के भलुअनी दूबे गांव में जय श्री राम सपोर्टिंग रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बुधवार की रात देवरिया बनाम माधोपुर के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में देवरिया की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए माधोपुर की टीम को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा जिलाउपाध्यक्ष अंबिका यादव ने फीता काटकर खेल का शुभारंभ कराया।

फाइनल में देवरिया की टीम ने टॉस जीतकर खेल की शुरुआत की। शुरू से ही देवरिया की टीम माधोपुर के खिलाड़ियों पर दबदबा बनाए रही। अंततः देवरिया के खिलाड़ियों ने 52-48 अंकों के अंतर से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।देवरिया के हिमांशु को मैन ऑफ द मैच तथा माधोपुर के मणी सिंह रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अंबिका यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजन से छिपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आती है। ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए, जिससे प्रतिभा में निखार आए। कबड्डी परंपरागत खेल है, जिससे शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और आपसी प्रेम को बढ़ावा मिलता है। विलुप्त हो रहे कबड्डी के खेल का ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन कराना अपने आप में सराहनीय है।

विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी सहित अन्य पुरस्कार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आयोजक सत्यप्रकाश यादव को धन्यवाद दिया।



को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

आयोजक सत्यप्रकाश यादव रहे, जबकि कमेंटेटर शिवम दूबे, प्रकाश दूबे, विकास यादव और जसवंत